भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2459**

उत्तर देने की तारीख 15 दिसंबर, 2025
24 अग्रहायण, 1947 (शक)

# उत्तर प्रदेश में खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र परियोजना में देरी

**2459. श्री पुष्पेंद्र सरोज:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि गुरु गोबिंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश में खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र (केआईएससीई) को वर्ष 2021 में मंजूरी दी गई थी, लेकिन वह अभी भी क्रियाशील नहीं हुआ है;

(ख) यदि हाँ, तो उक्त योजना के अंतर्गत अनुमोदन और जनशक्ति की मंजूरी के बावजूद केंद्र के संचालन में देरी के क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार द्वारा अवसंरचना के उन्नयन को पूरा करने, आवश्यक कर्मचारियों को नियुक्त करने और हॉकी तथा एथलेटिक्स के विषयों में एथलीटों को शामिल करने के लिए कोई विशिष्ट समय-सीमा निर्धारित की गई है; और

(घ) सरकार द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं/ किए जा रहे हैं कि उक्त केआईएससीई परियोजना में और देरी नहीं हो और साथ ही राष्ट्रीय खेल प्रतिभाओं में महत्वपूर्ण योगदान हो?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) से (घ): मंत्रालय ने गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज, लखनऊ में खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केन्द्र (केआईएससीई) की स्थापना को स्वीकृति प्रदान की है। तथापि, केआईएससीई का क्रियान्वयन एक सहयोगात्मक प्रक्रिया है, जिसके लिए संबंधित राज्य सरकारों की खेल प्राथमिकताओं के साथ समन्वय आवश्यक होता है| यह सुनिश्चित करने के लिए कि केंद्र क्षेत्र के खेल पारिस्थितिकी तंत्र को प्रभावी रूप से सेवा प्रदान करता है, केंद्र को आवंटित विधाओं की समीक्षा की गई और बाद में अनुदानप्राप्तकर्ता के अनुरोध पर 2025 में संशोधित किया गया। इस

संशोधन के बाद, संशोधित समझौता ज्ञापन ( एमओयू ) के साथ परियोजना की शर्तों पर फिर से विचार किया गया है। अवसंरचना उन्नयन, स्वीकृत जनशक्ति की नियुक्ति तथा खिलाड़ियों का समावेशन, संशोधित प्रावधानों को अंतिम रूप दिए जाने के पश्चात उठाए जाने वाले कदम हैं|

*****